क्षतिग्रस्त पाइन लाइन को तत्काल ठीक कराये जाने के नगर आयुक्त ने दिए निर्देश

शाहजहांपुर, 09 सितम्बर (तरुणमित्र)। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र के सफाई जोन-04 मो.जियाखेल में उ.प्र.जल निगम के द्वारा डाली जा रही सीवर लाइन के सम्बन्ध में प्राप्त षिकायत के निस्तारण हेतु गुरुवार को निरीक्षण किया।

जल निगम के द्वारा नगर में सीवर लाइन डाले जाने का कार्य कराया जा रहा है जिसके तहत नगर के मो. जियाखेल में जल निगम के कर्मचारियों द्वारा सीवर लाइन के डाले जाने हेतु खोदे गये गड्डे में पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे गड्डे में जलभराव की समस्या हो जाने से क्षेत्रवासियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था, जिसके सम्बन्ध में क्षेत्रवासियों के द्वारा नगर आयुक्त को समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था, जिसका संज्ञान लेते हुये नगर आयुक्त द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया और गड्डे में क्षतिग्रस्त पाइन लाइन को तत्काल ठीक कराये जाने हेतु जल निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देषित किया गया, जिससे क्षेत्र में आवागमन प्रभावित न हो। निरीक्षण के समय ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्र में संचारी रोग के तहत सफाई व्यवस्था, एण्टीलार्वा का छिड़काव के कार्य व फागिंग के कार्य के लिये क्षेत्रविसयों से जानकारी ली गई।